बरेली, गुरुवार
6 अगस्त, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+8=20

# दैनिक जागरण inext

PAGE NO: 04 MIDDLE

# SRMS मेडिकल कॉलेज को 38वीं रैंक

**देश के सभी सरकारी और निजी 783 मेडिकल कॉलेजों के बीच एसआरएमएस की उपलब्धि**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (5 Aug):** मेडिकल शिक्षा और मरीजों के उपचार में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज पिछले नौ वर्षों से इंडिया टुडे के सर्वेक्षण में टॉप 40 में अपना स्थान सुरक्षित रखे हुए है. इंडिया टुडे ने वर्ष 2026 के अपने सर्वेक्षण में देश के सभी सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज को 38वां स्थान दिया. इसके साथ ही इंडिया टुडे ने एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों के बीच 120वीं रैंक प्रदान की है. यह जानकारी एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT



दी.देव मूर्ति ने कहा कि इंडिया टुडे की ओर से नवंबर 2025 से जून 2026 के बीच देश के सभी सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेज का सर्वेक्षण हुआ. इसमें इनटेक क्वालिटी एंड गवर्नेंस, अकादमिक गुणवत्ता, इंफ्रास्ट्रक्चर और माहौल, व्यक्तित्व और नेतृत्व विकास, करियर की संभावना और प्लेसमेंट जैसे पैरामीटर पर सभी कॉलेजों का आकलन किया गया. और उनमें प्राप्त नंबरों के आधार पर संस्थानों की रैंकिंग की गई. पिछले दिनों जारी सर्वेक्षण में इंडिया टुडे ने एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज को देश के सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेजों की श्रेणी में 38वां रैंक दिया. नौ वर्ष से देश के सभी मेडिकल कॉलेजों के बीच टॉप 40 में स्थान बनाए रखना एसआरएमएस के लिए बड़ी उपलब्धि की बात है. इसके साथ ही इंडिया टुडे ने एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को 120वीं रैंक प्रदान की. इसी तरह पत्रिका आउटलुक ने अपने सर्वे में देश के निजी मेडिकल कॉलेजों में एसआरएमएस को 11वां स्थान देने के साथ ही यूपी में बेस्ट मल्टी सुपरस्पेशियलिटी हास्पिटल में एसआरएमएस को दूसरे पायदान पर रखा. आउटलुक के सर्वे में ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज को 14वां, ओंकोलॉजी में 17वां और कार्डियोलॉजी में 21वीं रैंक दी गई. पत्रिका द वीक ने देश के निजी मेडिकल कॉलेजों में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज को 23वां स्थान देते हुए देश के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में 40वां स्थान पर रखा.